छात्रा से दुष्कर्म मामले पर गरमाया माहौल, NSUI का पुतला फूंक ABVP ने जताया विरोध

झाबुआ। भोपाल में हरूड्ड के महासचिव द्वारा एक 23 वर्षीय जनजातीय छात्रा के साथ की गई मारपीट और दुष्कर्म की घटना के विरोध में झाबुआ में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद का आक्रोश फूट पड़ा। गुरुवार को ABVP के कार्यकर्ताओं ने राजगढ़ नाका स्थित चौराहे पर हरूड्ड के खिलाफ जमकर नारेबाजी की और पुतला दहन कर अपना विरोध दर्ज कराया।

क्या है पूरा मामला.?

प्राप्त जानकारी के अनुसार, भोपाल में हरूड्ड के महासचिव सुभाष यादव द्वारा NSUI की ही एक 23 वर्षीय जनजातीय छात्रा को बैठक के बहाने फ्लैट पर बुलाकर उसके साथ जबरदस्ती, मारपीट और दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया गया। पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

यह स्टूडेंट यूनियन नहीं, नारी सताओ यूनियन है:- ABVP

इस प्रदर्शन के दौरान ABVP के प्रांत मंत्री दर्शन कहार ने कड़े शब्दों में निंदा करते हुए कहा यह स्टूडेंट यूनियन नहीं, बल्कि नारी सताओ यूनियन बन गया है। एक तरफ राहुल गांधी छात्रों की गूंज अभियान चला रहे हैं, वहीं दूसरी ओर उनकी ही छात्र इकाई के कार्यकर्ता छात्राओं के साथ ऐसी घिनौनी घटनाओं को अंजाम दे रहे हैं, जो अत्यंत निंदनीय है।

छात्राओं ने बढ़-चढ़कर लिया हिस्सा

पुतला दहन कार्यक्रम में छात्राओं ने विशेष रूप से सहभागिता की और NSUI के विरुद्ध आक्रोश व्यक्त करते हुए कड़ी कार्रवाई की मांग की। इस दौरान जिला संयोजक अमित चौहान, जिला छात्रा प्रमुख देवयानी अजनार, जितेंद्र चौहान, विदुषी दुबे, नैना रॉय, दिनेश परमार, संजय, अनिल सहित बड़ी संख्या में विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ता उपस्थित थे।

अनोखा टोटका : बारिश के लिए नगर में निकाली गई थेलागाडी पर जीवित व्यक्ति की अर्थी

झाबुआ। जिले में पिछले एक सप्ताह से भीषण गर्मी का प्रकोप जारी है। मानसून की बेरखी से किसान और आमजन परेशान हैं। बारिश की बूंदों के लिए जिले भर में अब लोग पारंपरिक अंधविश्वास और टोने-टोटकों का सहारा लेने लगे हैं। इसी क्रम में आज गुरुवार को नगर में एक बेहद अनोखा और चर्चा का विषय बना हुआ नजारा देखने को मिला, जहाँ बारिश के लिए एक जीवित व्यक्ति की थैला गाड़ी पर अर्थी निकाली गई।

क्या है मान्यता.?

स्थानीय लोगों का मानना है कि यदि इंद्र देव प्रसन्न नहीं हो रहे हों, तो इस तरह के टोटके करने से बारिश के योग बनते हैं। इस अजीबोगरीब परंपरा के तहत एक जीवित व्यक्ति को अर्थी पर लिटाया गया और उसे पूरे शहर में घुमाया गया। इस दौरान साथ चल रहे लोग %राम नाम सत्य है% के बजाय बारिश के लिए प्रार्थना करते नजर आए।

मानसून की सुस्ती से बढ़ी चिंता

जिले में पिछले सात दिनों से एक बूंद बारिश नहीं हुई है, जिसके चलते तापमान में भारी बढ़ोतरी हुई है। खेती-बाड़ी पर भी इसका सीधा असर पड़ रहा है। फसलों की सिंचाई के लिए पानी की किल्लत बढ़ गई है, जिससे किसानों में गहरी चिंता है।

जिले भर में जारी है टोने-टोटकों का दौर

सिर्फ अर्थी निकालना ही नहीं, बल्कि जिले के अलग-अलग हिस्सों में बारिश समय पर नहीं हुई तो अन्य उपाय भी होने की तैयारी में है जैसे.!

मेंढक-मेंढकी का विवाह- कई गांवों में लोक-परंपरा के अनुसार मेंढक-मेंढकी की शादी कराई जा रही है। भजन-कीर्तन-मंदिरों में विशेष पूजा-अर्चना और पर्जन्य यज्ञ जैसे अनुष्ठान किए जा रहे हैं।

मिट्टी की गुड़िया- कहीं-कहीं बच्चे मिट्टी की गुड़िया बनाकर बारिश की मन्नत मांग रहे हैं। ये तस्वीरें यह बताने के लिए काफी हैं कि प्रकृति की मार के आगे इंसान किस हद तक बेबस महसूस कर रहा है। अब देखना यह है कि इंद्र देव की कृपा कब होती है और लोगों का यह प्रयास कितना सफल साबित होता है।

जवाहर नवोदय विद्यालय कक्षा छठी में चयन परीक्षा-2027 हेतु ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित

आलीराजपुर। जवाहर नवोदय विद्यालय, आलीराजपुर में शैक्षणिक सत्र 2027-28 के लिए कक्षा छठी में प्रवेश हेतु जवाहर नवोदय विद्यालय चयन परीक्षा का आयोजन 28 नवंबर 2026 को किया जाएगा। विद्यालय में प्रवेश के लिए कुल 80 सीटें उपलब्ध हैं। प्राचार्य जवाहर नवोदय विद्यालय, आलीराजपुर ने जानकारी देते हुए बताया कि परीक्षा में केवल वही विद्यार्थी आवेदन करने के पात्र होंगे, जो आलीराजपुर जिले के वास्तविक निवासी हों तथा शैक्षणिक सत्र 2026-27 में जिले के किसी शासकीय अथवा शासन से मान्यता प्राप्त विद्यालय में कक्षा पांचवीं में अध्ययनरत हों। उन्होंने बताया कि कक्षा छठी में प्रवेश के लिए अभ्यर्थी की जन्मतिथि 1 मई 2015 से 31 जुलाई 2017 के मध्य होना अनिवार्य है। इच्छुक एवं पात्र अभ्यर्थी 31 जुलाई 2026 तक अपना आवेदन वेबसाइट www.navodaya.gov.in पर ऑनलाइन भर सकते हैं। आवेदन की अंतिम तिथि 31 जुलाई 2026 निर्धारित की गई है।

13 जर्जर दुकानों को तोड़ने पहुंची नगर पालिका की जेसीबी, दुकानदारों ने किया उग्र विरोध

प्रशासन को लौटना पड़ा खाली हाथ

झाबुआ। झाबुआ बस स्टैंड स्थित 13 जर्जर दुकानों को हटाने को लेकर नगर पालिका और दुकानदारों के बीच विवाद गहराता जा रहा है। गुरुवार सुबह नगर पालिका की टीम जेसीबी लेकर दुकानों को तोड़ने पहुंची, जिस पर दुकानदारों ने जोरदार हंगामा किया और भारी विरोध जताया।

दुकानदारों ने दी चेतावनी :- यदि प्रशासन उनकी दुकानों को जबरन तोड़ता है, तो वे आत्मदाह करने को मजबूर होंगे

कोरे कागज पर हस्ताक्षर का दबाव

व्यापारियों ने नगर पालिका को भ्रष्ट तक कह दिया

जिसमें पहली दुकान बॉम्बे हेयर केयर पाइंट पर जैसे ही जेसीबी का पहला पंजा चला वैसे व्यापारी और अन्य लोग बड़ी संख्या में एकत्रित हो गए, एकत्रित हुए व्यापारियों आक्रोश में काफी भला बुरा नगर पालिका को कहा व्यापारियों ने नगर पालिका को भ्रष्ट तक कह दिया।

बिना सहमति और प्रक्रिया के कार्रवाई का आरोप

दुकानदारों का आरोप है कि किसी भी प्रकार की बातचीत या टेंडर प्रक्रिया पूरी होने से पहले ही नगर पालिका की टीम तोड़फोड़ करने पहुंच गई। एक दुकानदार ने बताया कि उन्होंने ताला लगाकर सामान अंदर रखा था, लेकिन अधिकारियों ने उनके आने का इंतजार किए बिना ही ताला तोड़ दिया। दुकानदारों का कहना है कि वे पिछले 50 वर्षों से यहां व्यवसाय कर रहे हैं।

कोरे कागज पर हस्ताक्षर का दबाव

दुकानदारों ने यह भी आरोप लगाया कि नगर पालिका प्रशासन द्वारा उनसे कोरे कागज पर हस्ताक्षर करने के लिए कहा जा रहा है, जिसका वे विरोध कर रहे हैं। उनका कहना है कि प्रशासन न तो दुकानों के परीक्षण की बात कर रहा है और न ही उन्हें कोई उचित विकल्प दे रहा है।

आत्मदाह की चेतावनी

दुकानदारों ने चेतावनी दी है कि यदि प्रशासन उनकी दुकानों को जबरन तोड़ता है, तो वे आत्मदाह करने को मजबूर होंगे। प्रदर्शन के दौरान दुकानदारों ने कहा कि वे किसी भी सूरत में अपनी दुकानें नहीं छोड़ेंगे और इसके लिए उन्हें जो भी संघर्ष करना पड़े, वे तैयार हैं।

प्रशासन को लौटना पड़ा खाली हाथ

दुकानदारों के लामबंद होने और बढ़ते आक्रोश को देखते हुए नगर पालिका की टीम को जेसीबी और ट्रैक्टर लेकर वापस लौटना पड़ा।

क्या है प्रशासन का रुख.?

बुधवार को नगर पालिका कार्यालय में सीएमओ, अध्यक्ष और सभापति विजय चौहान के साथ दुकानदारों की लंबी चर्चा हुई थी। हालांकि, उस बैठक में क्या निर्णय हुआ, इसे लेकर दुकानदारों ने कोई स्पष्ट जानकारी नहीं दी है। फिलहाल, बस स्टैंड पर स्थिति तनावपूर्ण बनी हुई है और दुकानदार अपनी दुकानों को बचाने के लिए आर-पार की लड़ाई के मूड में नजर आ रहे हैं।

8.64 करोड़ की लागत से बनेगा बिछोली हाथीपाई-कंकड़वाल सिलोटा मार्ग, मंत्री नागरसिंह चौहान ने किया भूमिपूजन

आलीराजपुर। जिले के ग्रामीण अंचलों में आवागमन की सुविधाओं को सुदृढ़ करने और अधोसंरचना विकास को गति देने की दिशा में आज एक महत्वपूर्ण सौगात मिली। कैबिनेट मंत्री नागरसिंह चौहान ने ग्राम बिछोली हाथीपाई से कंकड़वाल सिलोटा तक बनने वाले 6.70 किलोमीटर लंबे सड़क मार्ग के निर्माण कार्य का विधिवत भूमिपूजन किया। लगभग 8 करोड़ 63 लाख 83 हजार रुपये की अनुमानित लागत से निर्मित होने वाला यह सड़क मार्ग क्षेत्र के ग्रामीणों के लिए आवागमन की सुविधा को बेहतर बनाएगा। सड़क निर्माण पूर्ण होने के बाद ग्रामीण क्षेत्रों का मुख्य मार्गों से संपर्क और अधिक सुगम होगा, जिससे विद्यार्थियों, किसानों, मरीजों और आम नागरिकों को आवागमन में सुविधा मिलेगी। इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री श्री नागरसिंह चौहान ने कहा कि सड़कें किसी भी क्षेत्र के विकास की आधारशिला होती हैं। बेहतर सड़क संपर्क से न केवल आवागमन सुगम होता है, बल्कि शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि, रोजगार और व्यापारिक गतिविधियों को भी नई गति मिलती है। उन्होंने कहा कि क्षेत्र के ग्रामीण अंचलों में गुणवत्तापूर्ण अधोसंरचना का विकास सरकार की प्राथमिकता है। मंत्री श्री चौहान ने कहा कि यशस्वी मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव जी के नेतृत्व में मध्यप्रदेश सरकार प्रदेश के प्रत्येक क्षेत्र में मजबूत, टिकाऊ और गुणवत्तापूर्ण अधोसंरचना के निर्माण के लिए निरंतर कार्य कर रही है। आलीराजपुर जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में भी सड़क, बिजली, सिंचाई, शिक्षा और स्वास्थ्य सुविधाओं के विस्तार के लिए लगातार विकास कार्य स्वीकृत किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि बिछोली हाथीपाई से कंकड़वाल सिलोटा मार्ग का निर्माण क्षेत्र के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। सड़क निर्माण से ग्रामीण अंचलों में आवागमन की सुविधा बेहतर होने के साथ ही किसानों को अपनी उपज बाजार तक पहुंचाने में सुविधा मिलेगी। वहीं विद्यार्थियों को विद्यालय एवं महाविद्यालय तक पहुंचने, मरीजों को स्वास्थ्य केंद्रों तक जाने तथा ग्रामीणों को अन्य आवश्यक सेवाओं के लिए आवागमन में सहूलियत होगी। क्षेत्र के समग्र विकास एवं जनकल्याण के प्रति सरकार पूर्णतः प्रतिबद्ध है और विकास कार्यों का यह सिलसिला निरंतर जारी रहेगा। कार्यक्रम के दौरान क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों एवं ग्रामीणों ने सड़क निर्माण कार्य की सौगात मिलने पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए सरकार एवं कैबिनेट मंत्री श्री नागरसिंह चौहान का आभार व्यक्त किया। भूमिपूजन कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती हजरी बाई खरत, जनपद पंचायत अध्यक्ष श्रीमती रेवली उसान गरासिया, भाजपा जिला महामंत्री श्री रिंकेश तंवर, श्री मांगीलाल रावत, श्री नरीन मोरी सहित जनप्रतिनिधिगण, भाजपा पदाधिकारी एवं बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

7 दिवसीय नागरिक सुरक्षा प्रशिक्षण का शुभारंभ, आपदा प्रबंधन एवं बचाव के उपायों का मिलेगा प्रशिक्षण

आलीराजपुर। जिले में नागरिक सुरक्षा स्वयंसेवकों के लिए 7 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ कलेक्टर श्रीमती नीतू माथुर द्वारा मां सरस्वती के पूजन-अर्चन के साथ किया गया। प्रशिक्षण का उद्देश्य आपदा एवं आपातकालीन परिस्थितियों में नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने, राहत एवं बचाव कार्यों में दक्षता विकसित करने तथा समाज में आपदा प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ाना है। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कलेक्टर श्रीमती नीतू माथुर ने कहा कि यह प्रशिक्षण केवल स्वयंसेवकों के लिए ही नहीं, बल्कि प्रत्येक नागरिक के लिए उपयोगी है। उन्होंने कहा कि आपदा के समय किसी एक व्यक्ति का जीवन भी बचाया जा सके तो यह प्रशिक्षण सफल माना जाएगा। उन्होंने बताया कि कई देशों में बचपन से ही आपदा प्रबंधन का प्रशिक्षण दिया जाता है और इसी प्रकार समाज के प्रत्येक व्यक्ति को ऐसी परिस्थितियों का सामना करने के लिए तैयार रहना चाहिए। उन्होंने कहा कि आपदा प्रबंधन केवल होमगार्ड या किसी एक विभाग की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि प्रत्येक नागरिक का दायित्व है। कलेक्टर श्रीमती माथुर ने प्रशिक्षुओं को प्रशिक्षण के दौरान अधिक से अधिक प्रश्न पूछने, व्यवहारिक गतिविधियों में सक्रिय भागीदारी करने तथा प्रशिक्षण से प्राप्त ज्ञान को समाज तक पहुंचाने का आह्वान किया। अंत में उन्होंने सभी प्रतिभागियों को प्रशिक्षण के लिए शुभकामनाएं दीं। डिस्ट्रिक्ट कमांडेंट होम गार्ड एंड सिविल डिफेंस श्री गुलाब सिंह ने बताया कि सात दिवसीय प्रशिक्षण के दौरान स्वयंसेवकों को आपदा प्रबंधन, प्राथमिक उपचार, खोज एवं बचाव , आपातकालीन परिस्थितियों में राहत कार्य, सुरक्षित निकासी, सामुदायिक जागरूकता तथा आपदा से बचाव के व्यवहारिक उपायों का प्रशिक्षण दिया जाएगा।

आंगनवाड़ी केंद्रों का निरीक्षण, अनियमितताओं पर कार्यवाही के निर्देश कलेक्टर श्रीमती माथुर ने दिए

आलीराजपुर । कलेक्टर श्रीमती नीतू माथुर के निर्देशन में जिले में संचालित आंगनवाड़ी केंद्रों में व्यवस्थाओं एवं बच्चों को उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं की जांच के लिए अधिकारियों द्वारा निरीक्षण किया जा रहा है। इसी क्रम में डिप्टी कलेक्टर सुश्री निर्मला कलमे ने आज हरसवाट, लक्ष्मणी, मायाला तथा स्कूल फलिया (मायाला) स्थित आंगनवाड़ी केंद्रों का निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान चारों आंगनवाड़ी केंद्रों में बच्चों की उपस्थिति अत्यंत कम पाई गई, जबकि मायाला के स्कूल फलिया स्थित आंगनवाड़ी केंद्र में एक भी बच्चा उपस्थित नहीं पाया गया। निरीक्षण के दौरान केंद्रों पर निर्धारित मेन्यू के अनुसार भोजन उपलब्ध नहीं कराया जा रहा था तथा किसी भी केंद्र पर बच्चों को नाश्ता वितरित नहीं किया गया । जिले की आंगनवाड़ियों में बच्चों को बेहतर सुविधाएं एवं गुणवत्तापूर्ण खाद्यान्न उपलब्ध कराने के उद्देश्य से कलेक्टर श्रीमती नीतू माथुर ने समस्त अनुविभागीय अधिकारियों एवं संबंधित विभागीय अधिकारियों को अपने-अपने कार्य क्षेत्रों में संचालित स्कूलों एवं आंगनवाड़ी केंद्रों का नियमित निरीक्षण कर व्यवस्थाओं की जांच करने के निर्देश दिए हैं।

विधायक निधि से स्थापित विद्युत डीपी का लोकार्पण, ग्राम मेहणी के बीस फलिया में पहुँची बेहतर बिजली व्यवस्था

कैबिनेट मंत्री नागरसिंह चौहान बोले ग्रामीण क्षेत्रों में आधारभूत सुविधाओं का विस्तार सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता

आलीराजपुर। जिले की ग्राम पंचायत मेहणी के बीस फलिया में आज विधायक निधि से स्वीकृत विद्युतीकरण कार्य के अंतर्गत स्थापित नवीन विद्युत डीपी का लोकार्पण मध्यप्रदेश शासन के कैबिनेट मंत्री नागरसिंह चौहान द्वारा विधिवत पूजा-अर्चना एवं नारियल फोड़कर किया गया। लोकार्पण के दौरान कैबिनेट मंत्री नागरसिंह चौहान ने कहा कि प्रदेश सरकार ग्रामीण क्षेत्रों में आधारभूत सुविधाओं के सुदृढ़ीकरण के लिए लगातार कार्य कर रही है। विद्युत व्यवस्था को मजबूत बनाना सरकार की प्राथमिकताओं में शामिल है, ताकि किसानों, विद्यार्थियों एवं आम नागरिकों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध हो सकें। उन्होंने कहा कि इस नवीन विद्युत डीपी की स्थापना से क्षेत्र में लंबे समय से बनी वोल्टेज की समस्या का समाधान होगा। किसानों को सिंचाई के लिए पर्याप्त एवं नियमित विद्युत आपूर्ति मिलेगी, जिससे खेतों तक पानी की उपलब्धता बढ़ेगी और सिंचित क्षेत्र का विस्तार होगा। परिणामस्वरूप कृषि उत्पादन में वृद्धि होगी तथा किसानों की आय में भी सकारात्मक बढ़ोतरी होगी। कैबिनेट मंत्री ने कहा कि बेहतर विद्युत व्यवस्था का लाभ केवल किसानों तक ही सीमित नहीं रहेगा, बल्कि विद्यार्थियों को भी पढ़ाई के लिए निर्बाध बिजली उपलब्ध होगी।ग्रामीणों को घरेलू उपयोग के लिए गुणवत्तापूर्ण बिजली मिलने से उनका दैनिक जीवन अधिक सुगम बनेगा। उपस्थित ग्रामीणों ने नवीन विद्युत डीपी की स्थापना पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कैबिनेट मंत्री नागरसिंह चौहान का आभार माना। ग्रामीणों ने कहा कि इस कार्य से गांव की वर्षों पुरानी बिजली संबंधी समस्या का स्थायी समाधान हुआ है। भाजपा जिला मंत्री रितेश डावर, सरपंच मेझाम, मुकेश सहित स्थानीय जनप्रतिनिधि, पार्टी पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित रहे।

सोमवंशीय सहस्त्रार्जुन क्षत्रिय समाज ने श्रद्धा व उत्साह के साथ मनाया

कुलदेवी मां हिंगलाज का जन्मोत्सव, निकली भव्य शोभायात्रा

महेश्वर। (इंदौर समाचार सुनिल गाडगे)। सोमवंशीय सहस्त्रार्जुन क्षत्रिय समाज द्वारा प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी आषाढ़ी बीज (आषाढ़ दूज) के पावन पर्व पर समाज की कुलदेवी मां हिंगलाज का जन्मोत्सव श्रद्धा, भक्ति और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत प्रातः 5 बजे ककड़ आरती से हुई, जिसमें समाजजनों ने बड़ी संख्या में शामिल होकर माता की आराधना की।

इसके पश्चात मां हिंगलाज की भव्य शोभायात्रा नगर के प्रमुख मार्गों से निकाली गई। शोभायात्रा में समाज के महिला-पुरुष, युवा एवं बच्चे पारंपरिक वेशभूषा में शामिल हुए। भजन-कीर्तन और जयकारों से पूरा नगर भक्तिमय वातावरण में सराबोर हो गया। इस दौरान अध्यक्ष प्रतिनिधि गजराज यादव ने मां हिंगलाज को श्रद्धापूर्वक छत्र भेंट कर आशीर्वाद प्राप्त किया।

कार्यक्रम के दौरान समाज में उत्कृष्ट योगदान देने वाले मनोज निमकर (इंदौर), अनिल आमगा एवं शम्मी आमगा का अतिथियों द्वारा सम्मान किया गया। वहीं महिला मंडल की ओर से गीता अम्बेकर, मधु बिछवे, वंदना आफरे एवं अलका बिछवे को समाज सेवा में उल्लेखनीय योगदान के लिए सम्मानित किया गया। साथ ही बोर्ड परीक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले समाज के प्रतिभाशाली छात्र-छात्राओं का भी सम्मान कर उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी गईं।

इस अवसर पर नगर परिषद के सीएमओ प्रियंक पंड्या, पार्षद प्रतिनिधि स्वप्निल गुप्ता, शैलेन्द्र जैन, विक्रम यादव, गज्जू मकवाना, उपाध्यक्ष सचिन शर्मा सहित अन्य जनप्रतिनिधियों एवं गणमान्य नागरिकों ने भी मां हिंगलाज के दर्शन कर विधि-विधान से पूजन-अर्चन किया तथा समाज और नगर की सुख-समृद्धि एवं खुशहाली की कामना करते हुए माता का आशीर्वाद प्राप्त किया।

कार्यक्रम में महिला मंडल अध्यक्ष मोनी पालनपुरे, नीतू अम्बेकर, समाज अध्यक्ष पवन दाणे, शिवनारायण नागले, मुकेश पवार, छोटू दादा बिछवे, खेमराज चव्हाण, अनिल मुकाती, विजय पालनपुरे, यशराज मुकाती, शैलेन्द्र भांगड़े, भारत मुले, राहुल चौहान सहित बड़ी संख्या में समाजजन उपस्थित रहे। समाज के पदाधिकारियों ने आयोजन को सफल बनाने में सहयोग देने वाले सभी समाजजनों का आभार व्यक्त किया। पूरे आयोजन के दौरान श्रद्धा, सामाजिक एकता और सांस्कृतिक परंपराओं का सुंदर संगम देखने को मिला।